छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज (व्यापार एवं विकास) सहकारी संघ मर्यादित

ए-25, व्ही.आई.पी. इस्टेट, खम्हारडीह, शंकरनगर, रायपुर - 492007

पंजीयन क्रमांक. 225 दिनांक 31.10.2000

आठवीं वार्षिक साधारण सभा

दिनांक : 29 मार्च 2008

समय : दोपहर 2.30 बजे

कार्यालय, छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज (व्यापार एवं विकास) सहकारी संघ मर्यादित
ए-25, व्ही.आई.पी. एस्टेट, खम्हारडीह, शंकरनगर, रायपुर - 492-007
कार्यालय दूरभाष : 2283262, 2283267, 2283593 फैक्स : 0771-2283594

क्रमांक/वनो./संघ/सह/साधा.सभा/2008/3632 रायपुर, दिनांक 25/03/2008

प्रति,

1. **माननीय वन मंत्री जी, छत्तीसगढ़ शासन, रायपुर. विशेष आमंत्रित**
2. **माननीय श्री मुरारीलाल सिंह, अध्यक्ष,** छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ रायपुर.
3. **कार्यकारी संचालक,** भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास संघ मर्यादित, एन.सी.यू. आई, बिल्डिंग दूसरी मंजिल 3, सीरी इन्स्टीट्यूशनल एरिया, अगस्त क्रांति मार्ग, नई दिल्ली-110016
4. **श्री भरत लाल, संचालक,** आदिम जाति कल्याण मंत्रालय, भारत शासन, नई दिल्ली-110016
5. प्रमुख सचिव, **छत्तीसगढ़ शासन, वन विभाग, मंत्रालय, रायपुर.**
6. **प्रधान मुख्य वन संरक्षक,** वन विभाग, छत्तीसगढ़, रायपुर.
7. **सचिव,** छत्तीसगढ़ शासन, सहकारिता विभाग, मंत्रालय, रायपुर.
8. **पंजीयक,** सहकारी संस्थाएं, छत्तीसगढ़, रायपुर.
9. **सचिव,** छत्तीसगढ़ शासन, आदिम जाति कल्याण विभाग, मंत्रालय, रायपुर.
10. **श्री सतीश पाण्डे, विशेष सचिव,** छत्तीसगढ़ शासन, वित्त विभाग, मंत्रालय, रायपुर.
11. **मुख्य वन संरक्षक (उत्पादन)** वन विभाग, छत्तीसगढ़, रायपुर.
12. **श्री देवेन्द्र सिंह (भा.व.से),** वन संरक्षक एवं पदेन महाप्रबंधक,

    रायपुर वृत्त रायपुर (छ.ग.) तथा संघ प्रतिनिधि जिला वनोपज सहकारी यूनियन मर्यादित रायपुर, पूर्व रायपुर, धमतरी, उदन्ती, महासमुन्द ।
13. **श्री व्ही.श्रीनिवास राव, (भा.व.से),** वन संरक्षक एवं पदेन महाप्रबंधक,

    कांकेर वृत्त कांकेर (छ.ग.) तथा संघ प्रतिनिधि जिला वनोपज सहकारी यूनियन मर्यादित कांकेर, उत्तर कोंडागांव, दक्षिण कोंडागांव, पूर्व भानुप्रतापपुर, पश्चिम भानुप्रतापपुर, नारायणपुर ।
14. **श्री पी.सी.पाण्डे, (भा.व.से),** वन संरक्षक एवं पदेन महाप्रबंधक,

    बिलासपुर वृत्त बिलासपुर (छ.ग.) तथा संघ प्रतिनिधि जिला वनोपज सहकारी यूनियन मर्यादित बिलासपुर, मरवाही, जांजगीर-चांपा, कोरबा, कटघोरा, रायगढ़, धर्मजयगढ़ ।
15. **श्री एम.टी.नंदी, (भा.व.से),** वन संरक्षक एवं पदेन महाप्रबंधक,

    दुर्ग वृत्त दुर्ग (छ.ग.) तथा संघ प्रतिनिधि जिला वनोपज सहकारी यूनियन मर्यादित दुर्ग, राजनांदगावं, खैरागढ़, कवर्धा ।
16. **श्री व्ही.रामाराव (भा.व.से),** वन संरक्षक एवं पदेन महाप्रबंधक,

    जगदलपुर वृत्त जगदलपुर (छ.ग.) तथा संघ प्रतिनिधि जिला वनोपज सहकारी यूनियन मर्यादित जगदलपुर, दंतेवाड़ा, सुकमा, बीजापुर
17. **श्री तपेश झा, (भा.व.से),** वन संरक्षक एवं पदेन महाप्रबंधक,

    सरगुजा वृत्त सरगुजा (छ.ग.) तथा संघ प्रतिनिधि जिला वनोपज सहकारी यूनियन मर्यादित उत्तर सरगुजा, दक्षिण सरगुजा, पूर्वी सरगुजा, मनेन्द्रगढ़, कोरिया, जशपुर ।
18. **प्रबंध संचालक**, छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ, रायपुर.

विषयः- **छ.ग.राज्य लघु वनोपज संघ, रायपुर की आठवीं वार्षिक साधारण सभा दिनांक 29.03.2008 सूचना ।**

छ.ग.राज्य लघु वनोपज संघ, रायपुर की आठवीं वार्षिक साधारण सभा दिनांक 29.03.2008, शनिवार को 2.30 बजे, स्थान सभा कक्ष, संघ मुख्यालय, रायपुर में निम्नलिखित कार्य सूची पर विचार करने के लिए आहूत हैः-

कार्यसूची

विषय क्रमांक -1 सातवीं वार्षिक साधारण सम्मिलन दिनांक 30.03.2007 के कार्यवृत्त की पुष्टि ।

विषय क्रमांक -2 लघु वनोपज संघ की सातवीं वार्षिक साधारण आम सभा दिनांक 30.03.2007 के निर्णयों का पालन प्रतिवेदन ।

विषय क्रमांक -3 वित्तीय वर्ष 2007-08 में किये गये कार्यों का विवरण ।

विषय क्रमांक -4 वित्तीय वर्ष 2008-09 में प्रस्तावित क्रियाकलापों का अनुमोदन ।

विषय क्रमांक -5 वित्तीय वर्ष 2007-08 हेतु स्वीकृत बजट पर टीप ।

विषय क्रमांक -6 वित्तीय वर्ष 2008-09 के लिये बजट की स्वीकृति ।

अन्य विषय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से ।

सभा के लिये नियत समय पर गणपूर्ति (कोरम) नहीं होने की दशा में सभा स्थगित की जावेगी, और इस प्रकार स्थगित सभा उसी दिन, उसी स्थान पर, आधे घन्टे बाद अपरान्ह 3.00 बजे आयोजित होगी ।

कृपया निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर सभा में उपस्थिति प्रार्थनीय हैं ।

सही/-

(एल.एल.रायस्त)

सचिव

छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ, रायपुर

अध्यक्षीय उद्‌बोधन

सम्माननीय प्रतिनिधिगण तथा संचालकगण

लघु वनोपज संघ की आठवीं वार्षिक साधारण सभा में आप सभी का मैं हार्दिक स्वागत करता हूँ । छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण हुए 7 वर्ष पूर्ण हो चुका हैं । इतनी अल्प अवधि में इस राज्य ने तेजी से जो विकास किया हैं, वह बहुत संतोषजनक कहा जा सकता हैं । जिस गति से राज्य का विकास अन्य क्षेत्रों में हुआ हैं, उसी गति से लघु वनोपज के क्षेत्र में भी विकास करने के लिए अभी और प्रयासों की आवश्यकता हैं । छत्तीसगढ़ को प्रकृति की अलौकिक देन हमारी वन सम्पदा प्रचुर मात्रा में उपलब्ध हैं । लघु वनोपज संघ तथा इससे सम्बद्ध वनोपज सहकारी संस्थाओं की गतिविधियों में इस प्रकार के परिवर्तन किये जाने की आवश्यकता हैं जिससे लघु वनोपज संग्रहण तथा प्रसंस्करण के कार्य में सम्बद्ध व्यक्तियों की आय में समुचित वृद्धि हो सके । मूल्य संवर्धन के द्वारा इस दिशा में आशातीत सफलता मिल सकती हैं । प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि करने की दिशा में अभी हमें बहुत कार्य करने की आवश्यकता हैं । विकास को सार्थक एवं परिणामी बनाना हैं । वित्तीय वर्ष 2008-09 के लिए माननीय मुख्य मंत्री जी ने छ.ग. विधान सभा में राज्य का जो बजट प्रस्तुत किया हैं वह इस दृष्टि से ऐतिहासिक हैं कि उसमें लघु वनोपज संघ की गतिविधियों हेतु पर्याप्त प्रावधान किये गये हैं । हमें भी लघु वनोपज संग्राहकों के लिए परिणाममूलक कार्य करने की सार्थक पहल करनी चाहिए । हमारा यह संघ वित्तीय प्रबंधन की ओर उचित ध्यान देता हैं ।

संग्रहण सीजन 2007 में 17.18 लाख मानक बोरा तेन्दूपत्ता का संग्रहण हुआ था और इसका विक्रय मूल्य रू. 325.59 करोड़ है । संग्रहण वर्ष 2008 में तेन्दूपत्ता संग्रहण दर 500 रूपये प्रति मानक बोरा को बढ़ाकर 600 रूपये प्रति मानक बोरा किया गया हैं । इससे संग्राहकों को लगभग रूपये 17.93 करोड़ अधिक संग्रहण पारिश्रमिक प्राप्त होगा ।

संग्रहण वर्ष 2008 में संगृहित होने वाले तेन्दूपत्तें की अनुमानित मात्रा 17.93 लाख मानक बोरे में से 17.29 लाख मानक बोरा का अग्रिम निर्वर्तन किया जा चुका हैं । इसके विक्रय से लगभग रूपये 252.04 करोड़ की राशि प्राप्त होगी, शेष 0.64 लाख मानक बोरा के निर्वतन हेतु निविदा की कार्यवाही जारी है । इससे लगभग 116 करोड़ रूपये का शुद्ध लाभ होने का अनुमान है, जिससे संग्राहकों को लगभग रूपये 81.00 करोड़ प्रोत्साहन पारिश्रमिक के रूप में प्राप्त होने की संभावना है । तेन्दूपत्ता के व्यवसाय में आशातीत सफलता के लिए मैं आप सभी को हार्दिक धन्यवाद देता हूँ ।

सरकार द्वारा लिये गये निर्णय अनुसार वर्ष 2006 के तेन्दूपत्ता व्यापार से प्राप्त आय (व्यय घटाकर) की 70 प्रतिशत की राशि रू. 30.82 करोड़ प्रोत्साहन पारिश्रमिक के रूप में संग्राहकों को तेन्दूपत्ता प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियों के माध्यम से वितरित की जा चुकी हैं ।

विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी शासन निर्देशानुसार तेन्दूपत्ता संग्राहक परिवार की एक महिला सदस्य को एक जोड़ी चरणपादुका वितरित की जावेगी । इस हेतु राज्य शासन से लघु वनोपज संघ को रूपये 8 करोड़ की राशि प्राप्त हो गई हैं । रूपये 63.36 प्रति जोड़ी की दर से 12.75 लाख जोड़ी चरणपादुका क्रय किये जाने के आदेश दिये जा चुके हैं । हमारा यह प्रयास हैं कि वर्षा ऋतु के पूर्व तक तेन्दूपत्ता संग्राहक महिलाओं को चरणपादुका का वितरण कर दिया जाए ।

समिति क्षेत्र के ग्रामों में मूलभूत सुविधाओं के विकास हेतु रूपये 51.55 करोड की राशि जिला यूनियन के माध्यम से प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियों को उपलब्ध कराई जा चुकी हैं । अतः ग्रामों की आवश्यकता के अनुरूप इस राशि से मूलभूत सुविधा संबंधी कार्य शीघ्र पूर्ण कराये जावे, ताकि ग्रामीणों को इसका लाभ मिल सके ।

प्रदेश में अराष्ट्रीयकृत लघु वनोपज आधारित विकास की संभावना को ध्यान में रखते हुये अराष्ट्रीयकृत वनोपज के उत्पादन में वृद्धि, गुणवत्ता आधारित संग्रहण, मूल्य वर्धन हेतु प्रसंस्करण एवं विपणन को बढ़ावा देते हुए इससे जुड़े संग्राहको को अतिरिक्त आय प्रदाय करने हेतु संघ के द्वारा विशेष प्रयास जारी है । उपरोक्त कार्यो में लक्ष्य के अनुसार सफलता प्राप्त करने हेतु पूरे प्रदेश में संसाधन सर्वेक्षण कार्य कराया जाकर लक्ष्य प्रजाति को चिन्हांकित कर उन प्रजाति के संग्रहण, संवर्धन एवं मूल्य वर्धन कार्य को बढ़ावा दिया जा रहा है ।

राज्य लघु वनोपज संघ द्वारा अराष्ट्रीयकृत लघु वनोपज संवर्धन एवं विकास हेतु वर्ष 2006-07 में यूरोपियन कमीशन की सहायता से अराष्ट्रीयकृत लघु वनोपज आधारित रोजगारोन्मुख कार्य परियोजना, जिसकी लागत रूपये 21.20 करोड़ हैं, प्रारंभ की गई है । इस हेतु वर्ष 2007-08 में रूपये 6.00 करोड़ का बजट आंबटन किया गया, जिसमे से रूपये 3 करोड की राशि प्राप्त हो गई । इस राशि से लघु वनोपज का संग्रहण/प्रसंस्करण एवं विपणन को बढ़ावा देने हेतु विभिन्न कार्य जैसे कि संसाधन सर्वेक्षण, लघु वनोपज आधारित माइक्रोइन्टप्राइजेस स्थापना, विपणन, सूचना प्रबंधन प्रणाली, अनुसंधान एवं विस्तार, प्रमाणीकरण तथा क्षमता विकास आदि कार्य क्रियान्वित किये जा रहे हैं । इससे राज्य के लघु वनोपज संग्राहकों को अतिरिक्त रोजगार एवं आय प्राप्त हो रही हैं ।

वर्ष 2007-08 में स्थानीय स्व सहायता समूह/वन समिति/प्राथमिक वनोपज समिति के माध्यम से वनोपज संग्रहण/प्रसंस्करण एवं विपणन किये जाने बाबत् संघ द्वारा प्रयास किया गया हैं । विभिन्न स्त्रोंतो द्वारा प्राप्त राशि से माहुल पत्ता, शहद, इमली, तैलीय बीज, आंवला तथा वनौषधी आधारित माइक्रोइन्टरप्राइजेस स्थापित किये जा कर, वित्तीय वर्ष 2007-08 में लाख उत्पादन में छत्तीसगढ़ राज्य प्रथम स्थान में है । वर्तमान में प्रदेश में लगभग रूपये 60 करोड की लाख पालन से कृषको/ग्रामीणों को आय प्राप्त हो रही हैं । इस वर्ष समस्त वृत्त मुख्यालयों पर स्थापित NWEP मार्ट में विपणन कार्य प्रारंभ हो गया हैं, जिससे फरवरी माह तक रूपये 93.34 लाख का विक्रय किया गया हैं, तथा प्रत्येक जिला यूनियन स्तर पर संजीवनी स्थापित की जा रही हैं । हर्बल विशेषज्ञों के माध्यम से पैकेजिंग, लेबलिंग तथा प्रोडक्ट प्रमोशन में सुधार हेतु प्रयास किये जा रहे हैं । इसके साथ क्षमता विकास कार्यक्रम के अर्न्तगत कुल 2943 कृषक/संग्राहक

लाख, कुल्लू गोंद, शहद, औषधि खेती एवं माहुल पत्ता आदि विषयों में प्रशिक्षित किये गये हैं । इस श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए वर्ष 2008-09 में विभिन्न स्त्रोतों से राशि प्राप्त कर, कुल रू. 20.00 करोड़ विभिन्न घटकों में व्यय किये जाने हेतु कार्य योजना तैयार की गई है । इन प्रयासों से मुझे आशा है कि अकाष्ठीय वनोपज आधारित विकास में अच्छी गति आयेगी ।

संग्राहक परिवारों के आर्थिक विकास के साथ-साथ उनको सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए हम सदैव प्रयासरत हैं । संघ में सामाजिक सुरक्षा बीमा योजना लागू हैं । तेन्दूपत्ता संग्राहकों के परिवार के मुखिया के लिये भारतीय जीवन बीमा निगम के माध्यम से ''जनश्री'' बीमा योजना दिनांक 01.05.2007 से लागू की गई हैं । योजना हेतु प्रति सदस्य प्रति वर्ष 100/- रूपये प्रीमियम भुगतान किया गया, जिसका 75 प्रतिशत राज्य शासन द्वारा तथा 25 प्रतिशत संघ द्वारा भारित किया गया । ''जनश्री'' बीमा योजना में परिवार के मुखिया के साधारण मृत्यु पर नामांकित व्यक्ति को रूपये 20,000/- तथा दुर्घटनाजन्य मृत्यु पर रूपये 50,000/- प्राप्त होगा । मुखिया की आंशिक अपंगता पर रूपये 25,000/- एवं पूर्ण अपंगता की दशा में रूपये 50,000/- देय होगा । इसके अतिरिक्त योजना के सदस्य के दो बच्चों को यदि वे नवमीं से बारहवीं कक्षा (आई.टी.आई. सहित) में अध्यनरत हो तो 300/- रूपये प्रति तिमाही की दर से छात्रावृत्ति दिये जाने का प्रावधान हैं । इस योजना के क्रियावन्यन के लिये शासन द्वारा वर्ष 2006 -2007 में प्रीमियम की 75 प्रतिशत राशि 9.4475 करोड़ रूपये तथा वर्ष 2007-08 में रूपये रूपये 7.6349 करोड की राशि प्रदाय की गई, तथा 25 प्रतिशत राशि संघ द्वारा व्यय की गई हैं । जनश्री बीमा योजना से 11.39 लाख तेन्दूपत्ता संग्राहक परिवार का बीमा करवाया गया हैं । वनोपज संघ द्वारा वर्ष 2007-08 में प्रीमियम के रूप में भारतीय जीवन बीमा निगम को रूपये 11.39 लाख भुगतान किया गया हैं । वित्तीय वर्ष 2007-08 में फरवरी 2008 तक 1116 दावा प्रकरणों का निराकरण करते हुए राशि रूपये 233.15 लाख का भुगतान किया गया हैं । 2 जिला यूनियनों को छात्रवृत्ति की राशि रूपये 13.902 लाख जीवन बीमा निगम द्वारा भेजी गई हैं ।

जनश्री बीमा योजना से तेन्दूपत्ता संग्राहक परिवार के मुखिया का ही बीमा होता हैं, शेष संग्राहक बीमा के लाभ से वंचित हो जाते थे । इस कारण तेन्दूपत्ता परिवार के मुखिया के अतिरिक्त शेष 21 लाख संग्राहकों के लिये पुरानी समूह बीमा योजना जारी रखी गई । इस योजना के तहत संग्राहक की सामान्य मृत्यु होने पर रूपये 3500/-, दुर्घटना के कारण आंशिक रूप से विकलांगता होने पर रू. 12,500/- तथा दुर्घटना में पूर्ण विकलांगता या मृत्यु होने पर रू. 25,000/- की राशि देने का प्रावधान है । इस योजना हेतु संग्राहक को देय प्रीमियम का भुगतान नहीं करना पड़ता है । समस्त देय प्रीमियम का भुगतान संघ द्वारा किया जाता है । संघ द्वारा वित्तीय वर्ष प्रीमियम के रूप में भारतीय जीवन बीमा को रूपये 3.14 करोड का भुगतान किया गया हैं । वित्तीय वर्ष 2007-08 में माह फरवरी तक 11473 दावों का निराकरण कर राशि रूपये 5.6745 करोड का भुगतान किया गया हैं ।

प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियों के निर्वाचन की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी हैं । इसके पूर्व वर्ष 2001-02 में निर्वाचन हुए थे, समिति का कार्यकाल नवंबर-दिसंबर 2006 में समाप्त हो चुका हैं । तदुपंरात नये निर्वाचन नहीं होने की स्थिति में सहकारिता अधिनियम के अंतर्गत सभी समितियों में प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त किये गये । प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियों के निर्वाचन उपरांत जिला वनोपज सहकारी यूनियनों एवं तत्पश्चात छ.ग.राज्य लघु वनोपज सहकारी संघ की आम सभा के प्रतिनिधियों के निर्वाचन की प्रक्रिया प्रांरभ हो सकेगी ।

सहकारिता की भावना से वनोपज संघ तथा वन एवं सहकारिता विभाग के अधिकारियों तथा कर्मचारियों द्वारा संग्राहक एवं संघ के हित में किये जा रहे निष्ठापूर्वक कार्यों की मैं, प्रशंसा करता हूं । उनसे यह अपेक्षा है कि वे सदैव लघु वनोपज संग्राहकों के हित को सर्वोपरि रखकर कार्य करें । संघ के कार्यों के संपादन हेतु अमले की कमी को दूर करने के लिए मेरे द्वारा सततू प्रयास किये गये है । संघ के स्टाफिंग पैटर्न की स्वीकृति के पश्चात रिक्त पदों को भरने के लिए कार्यवाही की गई । डाटा एन्ट्री आपरेटर के रिक्त 37 पदों में से 35 पदों पर नियुक्ति की जा चुकी हैं । दिनांक 31.12.1988 के पूर्व से कार्यरत दैनिक वेतन भोगी श्रमिकों में से 22 को सहायक ग्रेड-3 के पद पर तथा 15 को संदेश वाहक के पद पर नियमित किया गया हैं । प्राथमिक सहकारी समितियों के द्वारा अंश कालिक के प्रबंधकों के वेतन में वृद्धि करके रूपये 2700/- प्रतिमाह निर्धारित किया गया हैं ।

आभार

यह संघ लघु वनोपज तथा वनौषधियों के विकास, संग्रहण, प्रसंस्करण, मूल्यवर्द्धन, एवं प्रशिक्षण की गतिविधियों से लगभग 12.65 लाख लघु वनोपज संग्राहक परिवारों के आर्थिक तथा सामाजिक विकास में उल्लेखनीय सार्थक योगदान कर रहा हैं । यह आप सभी के तथा इन गतिविधियों से प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से सम्बद्ध अधिकारियों तथा कर्मचारियों के कठोर परिश्रम तथा लगन से ही संभव हो पा रहा हैं । इसके लिए मैं सभी का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ । मैं अपेक्षा करता हूँ भविष्य में भी आप सभी इसी प्रकार से आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के इन लघु वनोपज संग्राहकों के आर्थिक एवं सामाजिक उत्थान के लिए कार्य करते रहेंगे ।

जय सहकार । जय छत्तीसगढ़ ।

(मुरारी लाल सिंह)
अध्यक्ष

विषय-सची

अ.क्र	विषय	पृष्ठ क्रमांक
1.	सातवीं वार्षिक साधारण सम्मिलन दिनांक 30.03.2007 के कार्यवृत्त की पुष्टि ।	**1-3**
2.	लघु वनोपज संघ की सातवीं वार्षिक साधारण आम सभा दिनांक 30.03.2007 के निर्णयों का पालन प्रतिवेदन ।	**4-5**
3.	वित्तीय वर्ष 2007-08 में किये गये कार्यो का विवरण ।	**6-36**
4.	वित्तीय वर्ष 2008-09 में प्रस्तावित क्रियाकलापों का अनुमोदन ।	**37-41**
5.	वित्तीय वर्ष 2007-08 हेतु स्वीकृत बजट पर टीप ।	**42-44**
6.	वित्तीय वर्ष 2008-09 के लिये बजट की स्वीकृति ।	**45-51**

<u>विषय क्रमांक - 1</u>

विषय : सातवीं वार्षिक साधारण सभा दिनांक 30.03.2007 के कार्यवृत्त की पुष्टि ।

छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज (व्यापार एवं विकास) सहकारी संघ मर्यादित रायपुर की सातवीं वार्षिक साधारण सभा माननीय अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज (व्यापार एवं विकास) सहकारी संघ मर्यादित, रायपुर की अध्यक्षता में होटल बेबीलॉन, व्ही.आई.पी. रोड, रायपुर में दिनांक 30.03.2007 को अपरांह 1.00 बजे से प्रारंभ हुई ।

साधारण सभा में निम्नानुसार पदाधिकारी उपस्थित रहे :-

1.	**माननीय श्री बृजमोहन अग्रवाल, वन मंत्री**	**विशेष आमंत्रित**
2.	**माननीय श्री मुरारीलाल सिंह,** अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ मर्यादित, रायपुर	**अध्यक्ष**
3.	**श्री कुश वर्मा,** कार्यकारी संचालक, ट्रायफेड़ नई दिल्ली	**सदस्य**
4.	**श्री सरजियस मिंज** प्रमुख सचिव, छ.ग. शासन, वन विभाग, रायपुर	**सदस्य**
5.	**श्री आर.एन.मिश्रा,** प्रधान मुख्य वन संरक्षक, छत्तीसगढ़, रायपुर	**सदस्य**
6.	**श्री एम.के.राउत,** सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, आदिम जाति कल्याण विभाग, रायपुर,	**सदस्य**
7.	**श्री बी.के. सिन्हा,** मुख्य वनसंरक्षक, (उत्पादन) छत्तीसगढ़ रायपुर	**सदस्य**
8.	**श्री पी.आर.नाईक,** अपर पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, रायपुर	**सदस्य**
9.	**श्री देवेन्द्र सिंह,** वन संरक्षक रायपुर, प्रतिनिधि, रायपुर, पूर्व रायपुर, धमतरी, महासमुन्द तथा उदन्ती, जिला यूनियन	**प्रतिनिधि**

10. **श्री तपेश कुमार झा** **प्रतिनिधि**
वन संरक्षक, जगदलपुर
प्रतिनिधि, जगदलपुर, सुकमा, बीजापुर तथा दंतेवाड़ा जिला यूनियन

11. **श्री व्ही.श्रीनिवास राव,** **प्रतिनिधि**
वन संरक्षक, कांकेर
प्रतिनिधि, कांकेर, पूर्व भानुप्रतापपुर, पश्चिम भानुप्रतापपुर,
नारायणपुर, उत्तर कोड़ागांव तथा दक्षिण कोड़ागांव जिला यूनियन

12. **श्री एम.टी.नन्दी** **प्रतिनिधि**
वन संरक्षक, दुर्ग
प्रतिनिधि, दुर्ग, कवर्धा, खैरागढ़ तथा राजनांदगांव जिला यूनियन

13. **श्री पी.वी.नरसिंग राव** **प्रतिनिधि**
वन संरक्षक, सरगुजा
प्रतिनिधि, उत्तर सरगुजा, पूर्व सरगुजा, दक्षिण सरगुजा,
कोरिया, मनेन्द्रगढ़ तथा जशपुरनगर जिला यूनियन

14. **श्री एच.के.पाण्डे** **प्रतिनिधि**
वास्ते वन संरक्षक बिलासपुर,
प्रतिनिधि, बिलासपुर, जांजगीर-चांपा, कोरबा, रायगढ़
कटघोरा, धरमजयगढ़ तथा मरवाही जिला यूनियन

15. **श्री ए.के. सिंह,** **सदस्य**
प्रबंध संचालक,
छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज (व्यापार एवं
विकास) सहकारी संघ मर्यादित रायपुर

गणपूर्ति हो जाने पर सातवीं वार्षिक साधारण सभा की कार्यवाही निर्धारित समय अपरान्ह 1.00 बजे से प्रांरभ हुई । श्री बृजमोहन अग्रवाल, मंत्री, वन, विभाग छत्तीसगढ़ शासन विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे । सर्वप्रथम माननीय अध्यक्ष संघ द्वारा सातवीं वार्षिक साधारण सभा में उपस्थित माननीय मंत्री जी, तथा संघ प्रतिनिधियों तथा संचालक मण्डल के सदस्यों का स्वागत किया गया । तदुपरांत माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा अभिभाषण दिया गया ।

सभा में विषयवार विचार-विमर्श कर निम्नानुसार निर्णय लिये गये :-

विषय क्रमांक	विषय	संकल्प
1	छठवीं वार्षिक साधारण सभा दिनांक 25.03.2006 के कार्यवृत्त की पुष्टि ।	वार्षिक साधारण सभा द्वारा छठवीं वार्षिक साधारण सभा दिनांक 25.03.2006 के कार्यवृत्त की पुष्टि की गई ।
2	छठवीं वार्षिक साधारण सम्मिलन के निर्णय का पालन प्रतिवेदन ।	वार्षिक साधारण सभा द्वारा छठवीं वार्षिक साधारण सम्मिलन के निर्णयों के पालन प्रतिवेदन का अनुमोदन किया गया ।
3	वित्तीय वर्ष 2006-2007 का कार्यक्रम तथा अनुमानित व्यय ।	वार्षिक साधारण सभा द्वारा वित्तीय वर्ष 2006 -2007 के प्रस्तावित कार्यक्रम तथा अनुमानित व्यय का अनुमोदन किया गया ।
4	वर्ष 2007-2008 के क्रियाकलापों के कार्यक्रम का अनुमोदन ।	वार्षिक साधारण सभा द्वारा वर्ष 2007-2008 के क्रियाकलापों के कार्यक्रम का अनुमोदन किया गया । लाख की खेती में अधिक से अधिक वृद्धि करने तथा लघु वनोपज/औषधि पौधों के प्रसंस्करण/मूल्य वृद्धि कार्य प्रत्येक जिला यूनियन में अधिक से अधिक करने का निर्णय लिया गया ताकि ग्रामीणों को रोजगार एवं आय प्राप्त हो ।
5	वित्तीय वर्ष 2007-08 के लिए बजट की स्वीकृति ।	वार्षिक साधारण सभा द्वारा वित्तीय वर्ष 2007-08 के लिए प्रस्तावित बजट को स्वीकृत किया गया ।
6	वित्तीय वर्ष 2000-01, 2001-02, 2002-03 के लेखों की स्थिति ।	वार्षिक साधारण सभा वित्तीय वर्ष 2000-01, 2001-02 तथा 2002-03 के लेखों और अंतिम वित्तीय पत्रकों की पूर्णता की स्थिति से तथा संपरीक्षा प्रतिवेदन अप्राप्त होने की स्थिति से अवगत हुई ।

अन्त में संघ माननीय वनमंत्रीजी, माननीय अध्यक्ष, संचालक मंडल के सदस्यों एवं सदस्य सोसाइटियों के प्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया तथा साधारण सभा के समाप्ति की घोषणा की गई ।

सही/-
(श्री ए.के.सिंह)
प्रबंध संचालक
छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज व्यापार एवं
विकास सहकारी संघ मर्यादित, रायपुर

सही/-
(श्री मुरारीलाल सिंह)
अध्यक्ष
छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज व्यापार एवं
विकास सहकारी संघ मर्यादित, रायपुर

<u>विषय क्रमांक - 2</u>

विषय : लघु वनोपज संघ की सातवीं वार्षिक साधारण आम सभा दिनांक 30.03.2007 के निर्णयों का पालन प्रतिवेदन ।

सातवीं वार्षिक साधारण सभा के निर्णय का पालन प्रतिवेदन निम्नानुसार हैं :-

प्रस्ताव क्रमांक	संकल्प (निर्णय)	की गई कार्यवाही
<u>विषय क्रमांक : 1</u> छठवीं वार्षिक साधारण सभा दिनांक 25.03.2006 के कार्यवृत्त की पुष्टि ।	वार्षिक साधारण सभा द्वारा छठवीं वार्षिक साधारण सभा दिनांक 25.03.2006 के कार्यवृत्त की पुष्टि की गई ।	कार्यवाही की आवश्यकता नहीं ।
<u>विषय क्रमांक : 2</u> छठवीं वार्षिक साधारण सम्मिलन के निर्णय का पालन प्रतिवेदन ।	वार्षिक साधारण सभा द्वारा छठवीं वार्षिक साधारण सम्मिलन के निर्णयों के पालन प्रतिवेदन का अनुमोदन किया गया ।	कार्यवाही की आवश्यकता नहीं ।
<u>विषय क्रमांक : 3</u> वित्तीय वर्ष 2006-2007 का कार्यक्रम तथा अनुमानित व्यय ।	वार्षिक साधारण सभा द्वारा वित्तीय वर्ष 2006 -2007 के प्रस्तावित कार्यक्रम तथा अनुमानित व्यय का अनुमोदन किया गया ।	कार्यवाही की आवश्यकता नहीं ।
<u>विषय क्रमांक : 4</u> वर्ष 2007-2008 के क्रियाकलापों के कार्यक्रम का अनुमोदन ।	वार्षिक साधारण सभा द्वारा वर्ष 2007-2008 के क्रियाकलापों के कार्यक्रम का अनुमोदन किया गया । लाख की खेती में अधिक से अधिक वृद्धि करने तथा लघु वनोपज/औषधि पौधों के प्रसंस्करण/मूल्य वृद्धि कार्य प्रत्येक जिला यूनियन में अधिक से अधिक करने का निर्णय लिया गया ताकि ग्रामीणों को रोजगार एवं आय प्राप्त हो ।	कार्यवाही की आवश्यकता नहीं हैं । लाख वृद्धि के उत्पादन के संबंध में विभिन्न प्रकार की कार्यवाहियां सम्पन्न की गई ।
<u>विषय क्रमांक -5</u> वित्तीय वर्ष 2007-08 के लिए बजट की स्वीकृति ।	वार्षिक साधारण सभा द्वारा वित्तीय वर्ष 2007-08 के लिए प्रस्तावित बजट को स्वीकृत किया गया ।	स्वीकृत बजट का पालन किया गया ।

<u>विषय क्रमांक -6</u> वित्तीय वर्ष 2000-01, 2001-02, 2002-03 के लेखों की स्थिति ।	वार्षिक साधारण सभा वित्तीय वर्ष 2000-01, 2001-02 तथा 2002-03 के लेखों और अंतिम वित्तीय पत्रकों की पूर्णता की स्थिति से तथा संपरीक्षा प्रतिवेदन अप्राप्त होने की स्थिति से अवगत हुई ।	1- आम सभा में उपस्थित सदस्य लेखों की स्थिति से अवगत हुए, कोई कार्यवाही नहीं है । 2- छ.ग.राज्य लघु वनोपज संघ के वित्तीय पत्रक तैयार किये जाकर संपरीक्षा हेतु पंजीयक, सहकारी संस्थाएँ, छ.ग.को प्रेषित किये जा चुके हैं, परन्तु किसी भी वर्ष का अंकेक्षण प्रतिवेदन प्राप्त नहीं हुआ है ।

विषय क्रमांक - 3

विषय : वित्तीय वर्ष 2007-08 में किये गये कार्यों का विवरण ।

(i) छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ की पद संरचना

छत्तीसगढ़ शासन वन विभाग के पत्र क्रमांक/एफ/12-3 /2004/10-2 दिनांक 17.02.2005 द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज व्यापार एवं विकास सहकारी संघ, मर्यादित, रायपुर की पद संरचना की स्वीकृति प्राप्त हुई है । छत्तीसगढ़ शासन वन विभाग के पत्र क्रमांक/एफ-6/2004/10-1 दिनांक 08.08.2007 के द्वारा दिनांक 31.12.1988 के पूर्व से कार्यरत दैनिक वेतन भोगी श्रमिकों के नियमितिकरण करने के निर्देश के पालन में इस कार्यालय के आदेश क्रमांक 18 दिनांक 22.01.2008 के द्वारा 22 दै.वे.भो. श्रमिकों का सहायक ग्रेड-3 के पद पर तथा 15 दै.वे.भो. श्रमिकों का इस कार्यालय के आदेश क्रमांक 19 दिनांक 22.01.2008 के द्वारा संदेशवाहक के पद पर नियमितिकरण किया गया हैं ।

शीघ्रलेखक के 2 रिक्त पदों, डाटा एन्ट्री आपरेटर(नियमित) के 6 रिक्त पदों तथा डाटा एन्ट्री आपरेटर (संविदा) के 8 रिक्त पदों पर सीधी भरती से नियुक्ति की कार्यवाही की जा रही हैं । अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के बैकलॉग के सहायक ग्रेड-3 के 16 पद रिक्त वाहन चालक के 2 पद रिक्त तथा संदेश वाहक के 8 पदों पर सीधी भरती से विशेष भरती अभियान के तहत नियुक्ति की कार्यवाही प्रगति पर हैं ।

इसके अतिरिक्त निम्नानुसार रिक्त राजपत्रित पदों तथा उपवनक्षेत्रपाल के पदो को वन विभाग से प्रतिनियुक्ति से भरा जाना है :-

पद	स्वीकृत पद	कार्यरत	रिक्त पद
वन संरक्षक एवं पदेन महाप्रबन्धक	2	1	0 (वन संरक्षक के उक्त पद के उन्नयन की प्रत्याशा के विरूद्ध 1 मु.व.सं. कार्यरत)
उप वन संरक्षक	2	0	2
सहायक वन संरक्षक (मुख्यालय)	2	1	1
सहायक वन संरक्षक (वन वृत्त)	6	4	2
सहायक वन संरक्षक (जिला यूनियन)	31	19	12
वन क्षेत्रपाल (मुख्यालय)	1	0	1
उप वन क्षेत्रपाल	140	86	54

वर्तमान में तेन्दूपत्ता सीजन भी प्रारंभ होने वाला है । संघ द्वारा इमली, माहुल पत्ता, शहद, तेलीय बीज तथा हर्बल उत्पाद के प्रसंस्करण कार्य भी किये जाते है । कर्मचारियों के अभाव में संघ का कार्य काफी प्रभावित हो रहा है । गोदामों पर केताओं एवं सघं के दोहरे ताले में पत्ता रखने पर नियंत्रण हेतु उप वनक्षेत्रपाल उपलब्ध नहीं होते हैं ।

संघ के विभिन्न स्तर संघ मुख्यालय, वन संरक्षक एवं पदेन महाप्रबन्धक कार्यालय तथा जिला यूनियन कार्यालयों में स्वीकृत पद तथा कार्यरत पदो की संख्या संलग्न **परिशिष्ट-''क''** में दर्शाई गई है ।

(ii) तेंदूपत्ता संग्राहकों हेतु जनश्री बीमाा योजना

भारतीय जीवन बीमा निगम की ''जनश्री'' बीमा योजना दिनांक 01.05.2007 से लागू की गई है, जिसके अंतर्गत समस्त तेंदूपत्ता संग्राहक परिवार के मुखिया जिनकी आयु 18 से 59 वर्ष के मध्य है बीमित है । इस योजना के अंतर्गत समान्य मृत्यु होने पर रूपये 20,000/-, आंशिक विकलांगता होने पर रूपये 25,000/-, दुर्घटना मृत्यु/पूर्ण विकलांगता होने पर रूपये 50,000/- की राशि स्वयं अथवा उसके आश्रित को प्राप्त होगी । इसके अतिरिक्त बीमित मुखिया परिवार के कक्षा 9 वीं से 12 वीं तथा आई.टी.आई. में पढ़ने वाले 2 बच्चों को रूपये 300/- प्रति तिमाही छात्रवृत्ति प्राप्त होगी । इस योजना के प्रीमियम की 75 प्रतिशत राशि गरीब संग्राहकों के हित में राज्य शासन द्वारा वहन की जा रहीं है, तथा 25 प्रतिशत राशि छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ द्वारा वहन की जा रहीं है । प्रीमियम के भुगतान हेतु रूपये 9.4475 करोड़ शासन से प्राप्त हुआ है । इस योजना में अभी तक कुल 1116 प्रकरणों में रूपये 2.3315 करोड़ की राशि का भुगतान हितग्राही/आश्रित को किया जा चुका है ।

(iii) सामाजिक सुरक्षा समूह जीवन बीमा योजना

जनश्री बीमा योजना से तेन्दूपत्ता संग्राहक परिवार के मुखिया का ही बीमा होता हैं, शेष संग्राहक बीमा के लाभ से वंचित रह जाते है । इस कारण तेन्दूपत्ता परिवार के मुखिया के अतिरिक्त शेष 21 लाख संग्राहकों के लिये पुरानी समूह बीमा योजना जारी रखी गई । प्रदेश के समस्त तेन्दूपत्ता संग्राहक समूह बीमा योजना अतंर्गत बीमित हैं । इस योजना के तहत संग्राहक की सामान्य मृत्यु होने पर रू. 3500/-, दुर्घटना के कारण आंशिक रूप से विकलांगता होने पर रू. 12,500/- तथा दुर्घटना में पूर्ण विकलांगता या मृत्यु होने पर रू. 25,000/- की राशि देने का प्रावधान है । इस योजना हेतु संग्राहक को देय प्रीमियम का भुगतान नहीं करना पड़ता है । समस्त देय प्रीमियम का भुगतान संघ द्वारा किया जाता है । संघ द्वारा वित्तीय वर्ष प्रीमियम के रूप में भारतीय जीवन बीमा को रूपये 3.14 करोड का भुगतान किया गया हैं । वित्तीय वर्ष 2007-08 में माह फरवरी तक 11473 दावों का निराकरण कर राशि रूपये 5.6745 करोड का भुगतान किया गया हैं ।

(iv) तेंदूपत्ते का व्यापार

वर्ष 2007 संग्रहण काल में संघ द्वारा प्रदेश की कुल 897 प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियों के माध्यम से तेंदूपत्ते का संग्रहण कराया गया । माननीय उच्चतम न्यायालय के निर्णयानुसार राष्ट्रीय उद्यानों एवं अभ्यारण्यों से तेन्दूपत्ता एवं अन्य लघु वनोपज संग्रहण नहीं किया जाना है, अतः इन क्षेत्रों में वर्ष 2006 की भाँति इस वर्ष 2007 में भी तेन्दूपते संग्रहण नहीं किया गया है । तेंदूपत्ते की संग्रहण दर 500/- प्रति मानक बोरा निर्धारित की गई । सम्पूर्ण प्रदेश में बीड़ी बनाने योग्य अनुमानित उत्पादन के लक्ष्य 17.95 लाख मानक बोरा के विरूद्ध अच्छी गुणवत्ता का 17.18 लाख मानक बोरा तेंदूपत्ते का संग्रहण किया गया । पूरे भारतवर्ष में तेन्दूपत्ता की फसल अच्छी होने के कारण छत्तीसगढ़ में भी उत्पादन अच्छा हुआ । दंतेवाड़ा जिले की एक समिति जिसका अनुमानित उत्पादन 1800 मानक बोरा था, में कोई संग्रहण नहीं हुआ ।

अग्रिम में नियुक्त क्रेताओं को संग्रहण केन्द्रों पर ही संग्रहित 17.18 लाख मानक बोरा का परिदान दिया गया, जिसका विक्रय मूल्य रू. 325.59 करोड़ हैं । अग्रिम विक्रय में औसत विक्रय दर रू. 1895/- प्रति मानक बोरा प्राप्त हुई । जिला यूनियनवार अग्रिम विक्रय का विवरण **परिशिष्ट 'ख'** में संलग्न है । तेंदूपत्ता कार्य में संलग्न विभिन्न विभागों के अधिकारियों तथा कर्मचारियों को प्रोत्साहन पारिश्रमिक का भी भुगतान संघ की ओर से किया जाता हैं । दिनांक 03.03.2008 की स्थिति में उक्त विक्रित 929 लाटों के विरूद्ध 428 लाटों की 4 किश्तें, 100 लाटों की 3 किश्ते, 142 लाटों की 2 किश्तें, 113 लाटों की 1 किश्तें तथा 145 लाटों की एक भी किश्त क्रेताओं द्वारा जमा नहीं कराई गई हैं । 1 लाट में तेन्दूपत्तें का संग्रहण नहीं हुआ था । इसलिये क्रेता करारनामा प्रावधानों के अनुसार संबंधित क्रेताओं के क्रेता करारनामा समाप्त करने की कार्यवाही की जा रही हैं । क्रेता करारनामा समाप्त लाटों के निर्वर्तन हेतु दिनांक 08.04.2008 को नीलाम आयोजित किया गया हैं ।

प्रदेश में संग्रहण वर्ष 2008 में लगभग 17.93 लाख मानक बोरे के संग्रहण का अनुमान है । संग्रहण वर्ष 2008 में तेंदूपत्ते की संग्रहण दर 500/- प्रति मानक बोरा से बढ़ाकर रू. 600/- प्रति मानक बोरा निर्धारित की गई हैं । दिनांक 25.03.2008 तक विभिन्न निविदाओं में अग्रिम नियुक्त क्रेताओं को 17.29 लाख मानक बोरा रू. 252.04 करोड़ में विक्रय किया गया है एवं औसत दर रू. 1458/- प्रति मानक बोरा है । शेष 0.64 लाख मानक बोरा के अग्रिम विक्रय हेतु दिनांक 01.04.2008 को निविदा आमंत्रित की गई है । जिला यूनियनवार निवर्तित लाटों का विस्तृत विवरण **परिशिष्ट 'ग'** में संलग्न है ।

(v) सालबीज का व्यापार

छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ द्वारा प्रदेश के 13 सालबीज उत्पादक जिलों में वर्ष 2007 में लगभग 6.06 लाख क्विंटल सालबीज का संग्रहण प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियों के माध्यम से किया गया है । इस मात्रा का अग्रिम निर्वर्तन रूपये 59.09 करोड़ में हुआ है । लाटवार/जिला यूनियनवार विस्तृत जानकारी **परिशिष्ट 'घ'** में संलग्न है ।

संग्रहण वर्ष 2007 के सालबीज संग्राहकों को संग्रहण पारिश्रमिक का भुगतान रू. 350/- प्रति क्विंटल की दर से कुल रूपये 21.23 करोड़, तथा बोनस का भुगतान रूपये 150/- प्रति क्विंटल की दर से रूपये 9.10 करोड़ संघ की ओर से किया गया ।

अभी तक 4 इकाई के क्रेता द्वारा विक्रय मूल्य की पूर्ण राशि जमा नहीं कराई गई हैं, फलस्वरूप क्रेता करारनामा समाप्त किया गया, तथा इन इकाईयों के सालबीज का दिनांक 29.04.2008 को नीलाम द्वारा निर्वर्तन प्रस्तावित किया गया हैं ।

संग्रहण वर्ष 2006 में सालबीज के व्याापार से घाटे की राशि रूपये 11.53 करोड़ में से रूपये 5.765 करोड़ की प्रतिपूर्ति वर्ष 2006-2007 में तथा वर्ष 2007-2008 में रूपये 5.76 करोड़ की राशि शासन से प्राप्त हो चुकी है । रूपये 50,000 की प्रतिपूर्ति होना शेष हैं ।

(vi) हर्रा का व्यापार

संघ द्वारा प्रदेश के 15 जिलों में अग्रिम में विक्रित हर्रा प्राथमिक समितियों के पर्यवेक्षण में तथा अग्रिम में अविक्रित हर्रा प्राथमिक समितियों के द्वारा संग्रहित किया जाता है ।

वर्ष 2006-2007 में 52888.37 क्विंटल हर्रा, 2790.61 क्विंटल कचरिया एवं 6.62 क्विंटल बालहर्रा का संग्रहण किया गया है, जिसमें से अब तक 52861.36 क्विंटल हर्रा, 2755.61 क्विंटल कचरिया एवं 6.62 क्विंटल बालहर्रा विक्रय हो चुका है, जिसका विक्रय मूल्य रूपये 1.66 करोड़ हैं । 27.01 क्विंटल हर्रा एवं 35.00 क्विंटल कचरिया विक्रय हेतु शेष हैं ।

संग्रहण वर्ष 2007-2008 में कुल 39 इकाईयों में से 26 इकाईयों का अग्रिम में निवर्तित किया जाकर हर्रा संग्रहण का कार्य प्रगति पर है । वर्ष 2007-08 में हर्रा की संग्रहण दर रु. 275/- प्रति क्विंटल, कचरिया की रु. 687.50 प्रति क्विंटल तथा बाल हर्रा की रूपये 1925/- प्रति क्विंटल निर्धारित की गई हैं । वर्ष 2006-07 एवं 2007-08 में जिला यूनियनवार निर्वर्तित इकाईयों की विस्तृत जानकारी क्रमशः **परिशिष्ट 'ड.', एवं 'च'** में संलग्न प्रेषित है ।

(vii) गोंद वर्ग-1 (कुल्लू गोंद) का व्यापार

कुल्लू वृक्षों में पुनरूत्पादन की समस्या को दृष्टिगत रखते हुए कुल्लू गोंद संग्रहण दंतेवाड़ा, बस्तर एवं कांकेर जिले को छोड़कर पूरे प्रदेश में प्रतिबंधित है । संघ द्वारा इन जिलों में कुल्लू गोंद संग्रहण प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियों के पर्यवेक्षण में अग्रिम में नियुक्त क्रेता माध्यम से कराया जा रहा है । वर्ष 2006-2007 में कुल्लू गोंद की संग्रहण दर रू. 10000/- प्रति क्विंटल प्रथम श्रेणी के लिये तथा रू. 14000/- द्वितीय श्रेणी के लिये शासन द्वारा निर्धारित की गई है । संग्रहण वर्ष 2006-2007 में प्रथम श्रेणी के 375.65 क्विंटल तथा द्वितीय श्रेणी के 60.17 क्विंटल गोंद वर्ग-1 (कुल्लू गोंद) संग्रहण किया गया । संग्रहित मात्रा का निर्वर्तन अग्रिम में ही क्रेता नियुक्त कर रू. 65.43 लाख में किया गया है । औसत विक्रय दर रू. 15013/- प्रति क्विंटल प्राप्त हुई है ।

शासन द्वारा संग्रहण वर्ष 2007-2008 के लिये गोंद वर्ग-1 (कुल्लू गोंद) प्रथम श्रेणी के लिये संग्रहण दर रू. 15400/- प्रति क्विंटल एवं द्वितीय श्रेणी के लिये रू. 11000/- प्रति क्विंटल निर्धारित की गई है तथा प्रदेश की 5 इकाईयों में से 3 इकाईयों को अग्रिम में निवर्तित किया गया शेष 2 इकाईयो के विक्रय की कार्यवाही की जा रही हैं । वर्ष 2006-07 एवं 2007-08 के कुल्लू गोंद के संग्रहण एवं विक्रय का जिला यूनियनवार विस्तृत विवरण क्रमशः **परिशिष्ट 'छ' एवं 'ज'** में संलग्न है ।

(viii) गोंद वर्ग-2 (धावड़ा/खैर/बबूल)

वर्ष 2006-2007 सीजन में प्रदेश की गोंद वर्ग-2 (धावड़ा/खैर/बबूल) की 15 इकाइयों में 76.58 क्विंटल धावड़ा गोंद एवं 65.00 क्विंटल खैर/बबूल गोंद संग्रहण किया गया । वर्ष 2006-2007 हेतु संग्रहण दर निम्नानुसार निर्धारित थी :-

1. खैर/बबूल - 1500/- प्रति क्विंटल
2. धावड़ा - 2500/- प्रति क्विंटल

संग्रहित 76.58 क्विंटल धावड़ा गोंद एवं 65.00 क्विंटल खैर/बबूल गोंद का विक्रय रू. 3.27 लाख में किया जा चुका है ।

संग्रहण वर्ष 2007-2008 में कुल 21 इकाईयों में से 9 इकाईयों का अग्रिम में निवर्तित किया जाकर गोंद वर्ग-2 संग्रहण का कार्य प्रगति पर है । वर्ष 2006-07 एवं 2007-08 में जिला यूनियनवार निर्वर्तित इकाईयों का विस्तृत विवरण क्रमशः **परिशिष्ट 'झ' एवं 'ञ'** में संलग्न है ।

(ix) वर्ष 2005 एवं वर्ष 2006 के तेन्दूपत्ता संग्राहकों को प्रोत्साहन पारिश्रमिक का वितरण

तेंदूपत्ता संग्रहण वर्ष 2005 में कुल 14.92 लाख मानक बोरा का संग्रहण किया गया था । उक्त तेंदूपत्ता के निर्वर्तन उपरांत प्राप्त आय (व्यय घटाकर) की राशि में से 70 प्रतिशत की राशि रूपये 24.48 करोड़ 591 लाभ वाली समितियों में वितरित करने हेतु जिला यूनियन को उपलब्ध कराई गई तथा समितियों द्वारा राशि रूपये 24.45 करोड जन प्रतिनिधियों के समक्ष वितरित की गई ।

तेंदूपत्ता संग्रहण वर्ष 2006 में कुल 14.72 लाख मानक बोरा का संग्रहण किया गया था । उक्त तेंदूपत्ता के निर्वर्तन उपरांत प्राप्त आय (व्यय घटाकर) की राशि में से 70 प्रतिशत की राशि रूपये 31.54 करोड़ 656 लाभ वाली समितियों एवं 24 ऐसी समितियाँ जिनमें वर्ष 2006 की शुद्ध आय में से विगत वर्षो की संचित हानि को कम करने के बाद हानि की स्थिति बनती हैं परन्तु इस हानि का 50 प्रतिशत वर्ष 2006 की शुद्ध आय से कम हैं तो उन समितियों में संचित हानि के आधे भाग को वर्ष 2006 के शुद्ध आय में से घटाते हुए शुद्ध लाभ की गणना कर वितरित करने हेतु जिला यूनियन को उपलब्ध कराई गई तथा इन 24 समितियों के संचित हानि के आधे भाग को आगामी वर्ष के लाभ में समायोजित किया जावेगा । समितियों द्वारा राशि रूपये 31.08 करोड जन प्रतिनिधियों के समक्ष वितरित की गई । शेष प्रोत्साहन पारिश्रमिक का वितरण कार्य प्रगति पर है ।

संग्रहण वर्ष 2005 एवं 2006 में जिला यूनियनवार लाभ में रही समितियों में प्रोत्साहन पारिश्रमिक के रूप में वितरण योग्य राशि एवं वितरित राशि का विवरण **परिशिष्ट 'ट'** में संलग्न हैं ।

(x) मूलभूत सुविधा विकास के कार्य

तेन्दूपत्ता के व्यापार से प्राप्त आय (व्यय को घटाकर) की 15 प्रतिशत राशि ग्रामों की मूलभूत सुविधाओं के विकास में उपयोग की जाती है । वर्ष 2007-08 में मूलभूत सुविधाओं के विकास के लिए वर्ष 1999+2000 की रूपये 92.73 लाख, 2001 की रूपये 125.79 लाख, 2002 की रूपये 151.58 लाख, 2003 की रूपये 489.51 लाख, 2004 की रूपये 320.58 लाख, 2005 की रूपये 389.46 लाख तथा वर्ष 2006 की रूपये 670.72 लाख कुल रूपये 2240.37 लाख की राशि जिला यूनियनों के माध्यम से प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियों को उपलब्ध कराई जा चुकी हैं । कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश समय-समय पर जिला यूनियन को दिये गये हैं । उक्त वर्षो की जिला यूनियनवार कुल उपलब्ध कराई गई राशि रूपये 51.56 करोड़ एवं प्राथमिक समितियों द्वारा पूर्ण कराये गये कार्यो पर व्यय की गई राशि रूपये 27.39 करोड़ का विस्तृत विवरण **परिशिष्ट 'ठ'** में संलग्न है ।

(xi) संघ मुख्यालय एवं जिला यूनियनों के लेखाओं का कम्प्यूटीकरण -

संघ मुख्यालय स्तर पर लेखा संधारण का कार्य ''टैली साफ्टवेयर'' के माध्यम से किया जा रहा हैं । लेखाओं के कम्प्यूटरीकृत व्यवस्था से लेखा तैयार करने में समय की बचत तो हुई ही हैं, लेखाओं के गुणात्मक विश्लेषण में भी सुधार हुआ हैं । संघ के वित्तीय वर्ष 2006-07 के अंतिम वित्तीय पत्रक (व्यापार पत्रक, लाभ-हानि पत्रक, बैलेंसशीट) तैयार किये जा चुके हैं । इस प्रकार अब वनोपज संघ का लेखा तैयार करने की दृष्टि से अद्यतन हो चुका हैं ।

जिला वनोपज सहकारी यूनियनों के लेखाओं को पूर्ण करने में गति लाने हेतु लेखा प्रक्रिया को कम्प्यूटरीकृत किया जा रहा है, इस हेतु पृथक से कम्प्यूटर, प्रिन्टर एवं टैली एकाउन्टींग साफ्टवेयर क्रय कर उपलब्ध कराये जा रहे हैं तथा जिला यूनियन के लेखा संधारण करने वाले कर्मचारियों के प्रशिक्षण की कार्यवाही की जा रही हैं ।

(xii) संघ विभाजन संबंधी विवाद

राज्य पुर्नगठन के फलस्वरूप 31.10.2000 की स्थिति में पूर्ववर्ती मध्यप्रदेश राज्य लघु वनोपज संघ का विभाजन कर पश्चात्वर्ती मध्यप्रदेश राज्य लघु वनोपज संघ मर्यादित भोपाल एवं छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ मर्यादित रायपुर का गठन हुआ हैं । उक्त विभाजन में

आस्तियों एवं दायित्वों का न्यायोचित विभाजन नहीं किये जाने के कारण तथा आपसी सहमति हेतु छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ के प्रयासों को संघ भोपाल द्वारा क्रियान्वित नहीं करने के फलस्वरूप संचालक मण्डल के द्वारा दिये गये निर्देश अनुसार रूपये 93.27 करोड़ की विवादित राशि के संबंध में माननीय उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर में रिट पिटीशन दायर किया जा रहा है ।

(xiii) **ई-मनी ट्रान्सफर -**

वनोपज संघ के स्टेट बैंक ऑफ इंदौर एवं पंजाब नेशनल बैंक में संधारित खातों में वनोपज के क्रेताओं द्वारा किसी भी स्थान से ई-मनी ट्रान्सफर कराने की व्यवस्था लागू की गई है जिससे क्रेताओं को अनावश्यक रूप से डी.डी के माध्यम से जिला यूनियन अथवा संघ में राशि जमा कराने से होने वाले अनावश्यक व्यय एवं समय की बचत हुई है । इसी प्रकार क्रेताओं द्वारा विभिन्न जिला यूनियनों में जमा कराई गई राशि को जिला यूनियनों द्वारा संघ मुख्यालय के खातों में ट्रान्सफर करने में होने वाले विलंब को दृष्टिगत रखते हुये अब जांजगीर-चांपा, कोरिया, बीजापुर एवं खैरागढ़ जिला यूनियनों को छोड़कर शेष सभी जिला यूनियनों में कोर बैंकिंग के माध्यम से संघ मुख्यालय, रायपुर स्थित खाते में राशि सीधे जमा कराई जा रहीं है । इसी प्रकार जिला यूनियनों को विभिन्न कार्य के लिये उपलब्ध कराई जाने वाली आवश्यक राशि जो पूर्व में बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से भेजी जाती थी तथा जिला यूनियनों में राशि पहुंचने में कई दिन लग जाते थे, अब कोर बैंकिंग के माध्यम से सीधे संघ मुख्यालय से जिला यूनियनो के खातों में हस्तांतरित की जा रहीं है, जिससे जिला यूनियनों को राशि उसी दिन उपलब्ध हो जाती है । इस व्यवस्था से एक ओर समय पर राशि संबंधित खातों में जमा हो जाती है, वहीं जिला यूनियन स्तर पर विभिन्न खातों में संघ मुख्यालय न भेजी गई लंबित राशि से होने वाली ब्याज की हानि पर भी रोक लगी है ।

(xiv) **चरणपादुका का वितरण -**

तेन्दूपत्ता संग्राहक परिवारों के प्रति संवेदनशीलता दर्शाते हुए गत वर्ष छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 12.59 लाख तेंदूपत्ता संग्राहक परिवारों को उनकी इच्छानुसार एक एक जोड़ी चरणपादुका वितरित की गई । इस हेतु छत्तीसगढ़ शासन द्वारा वर्ष 2006-07 में रूपये 13.00 करोड़ की राशि वनोपज संघ को उपलब्ध कराई गई थी । चरणपादुकाओं के क्रय हेतु राष्ट्रीय स्तर पर निविदाऐं आमंत्रित की गई थी । पुरूष चरणपादुकाऐं रूपये 81.70 प्रति जोड़ी एवं महिला चरणपादुका रूपये 76.40 प्रति जोड़ी की दर से क्रय की गई । जिला यूनियनवार वर्ष 2007-08 में वितरित चरणपादुका का विवरण **परिशिष्ट 'ड'** में संलग्न हैं।

वर्ष 2008-09 में भी गत वर्ष की भांति प्रत्येक तेंदूपत्ता संग्राहक परिवार (लगभग 12.70 लाख) की एक महिला सदस्य को एक एक जोड़ी चरणपादुका वितरित की जानी हैं । चरणपादुका क्रय हेतु राष्ट्रीय स्तर पर निविदाऐं आमंत्रित की गई थी, जिसमें रूपये 63.36 प्रति जोड़ी की न्यूनतम दरें प्राप्त हुई, जिसके आधार पर निम्न प्रदायकर्ताओं से उनके समक्ष दर्शाई मात्रा क्रय करने के आदेश दिये गये हैं :-

क्रमांक	प्रदायकर्ता का नाम	प्रदाय हेतु आदेशित मात्रा (जोड़ी में)
1	मेसर्स सैमसन्स प्रॉलिमर्स प्रा.लि., नई दिल्ली	1,97,984
2	मेसर्स बाटा इंडिया लि, गुड़गांव	3,58,447
3	मेसर्स चरणपादुका इंडस्ट्रीज प्रा.लि., बहादुगढ़	3,65,541
4	मेसर्स निखिल फुटवियर्स प्रा.लि., दिल्ली	3,38,340
	योगः-	**12,60,312**

उक्त चरणपादुका के क्रय हेतु छत्तीसगढ़ शासन द्वारा वनोपज संघ को रूपये 8.00 करोड़ की राशि वर्ष 2007-08 में उपलब्ध कराई गई हैं ।

(xv) प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियों के प्रबंधकों का लेखा प्रशिक्षण ।

प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियों के प्रबंधकों को लेखा प्रशिक्षण कराने हेतु जनवरी 2008 तक संघ से संबद्ध 913 प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियों के प्रबंधकों में से 809 प्रबंधकों को लेखा प्रशिक्षण, सहकारी प्रशिक्षण केन्द्र बिलासपुर के माध्यम से दिया जा चुका है, तथा 104 समिति प्रबंधक लेखा प्रशिक्षण हेतु शेष हैं । वर्तमान में वर्ष 2008 सीजन के तेंदूपत्ता, शाखकर्तन का कार्य प्रारंभ होने, साथ ही वर्तमान में समिति प्रबंधकों का चुनाव कार्य प्रगति पर होने के कारण समिति प्रबंधकों को लेखा प्रशिक्षण हेतु भेजा जाना संभव नहीं हो पा रहा हैं । अतः उक्त कार्यों के पूर्ण होने उपरांत प्रशिक्षण कार्यक्रम पुनः प्रांरभ किया जावेगा ।

(xvi) अकाष्ठीय वनोपज विकास वर्ष 2007-08

1. संसाधन संवर्धन -

छत्तीसगढ़ राज्य में अकाष्ठीय वनोपज से समृद्ध वन क्षेत्रों का संवर्धन करने हेतु लोक संरक्षित क्षेत्र की स्थापना योजना के माध्यम से राज्य के 9 जिला यूनियन बिलासपुर, मरवाही, धरमजयगढ़, कोरिया, धमतरी, दुर्ग, पूर्व सरगुजा, पूर्व भानुप्रतापपुर एवं जगदलपुर में संघ के व्यय पर तथा राज्य शासन द्वारा प्राप्त अनुदान की सहायता से 14 लोक संरक्षित क्षेत्रों का प्रबंधन किया जा रहा है । इसमें वर्तमान में 56000 हेक्ट. क्षेत्रफल में रख-रखाव के कार्य जारी है । इस योजना के तहत संघ मद से वित्तीय वर्ष 2007-08 में रू. 108.00 लाख उपलब्ध कराया गया है । आदिवासी उपयोजना के तहत इस योजना हेतु लगभग रु 56.00 लाख प्रदाय किए जा चुके हैं । इस कार्य द्वारा मूल्यवान अकाष्ठीय वनोपज प्रजातियों का स्थलीय संवर्धन, प्रसंस्करण, औषधि निर्माण तथा स्थानीय लोगों व कर्मचारियों की क्षमता विकास आदि कार्य संपादित किये जा रहे हैं ।

धमतरी वनमण्डल में अकाष्ठीय वनोपज संवर्धन एवं विपणन हेतु राष्ट्रीय औषधि पादप बोर्ड, नई दिल्ली द्वारा वर्ष 2004-05 से प्रारंभ हुई । अंतःस्थलीय संवर्धन, बाह्य स्थलीय संवर्धन, प्रसंस्करण तथा विपणन परियोजनाओं में इस वित्तीय वर्ष में रू. 9.38 लाख व्यय किया गया तथा आई.डी.आर.सी., कनाडा द्वारा स्वीकृत क्षमता विकास एवं सर्वेक्षण परियोजना के अर्न्तगत वित्तीय वर्ष में रू. 19.09 लाख व्यय किया गया है ।

2. कच्चे लघु वनोपज का संग्रहण एवं प्रसंस्करण

2.1 कच्चे लघु वनोपज संग्रहण

राज्य में कच्चे लघु वनोपज के संग्रहण करने हेतु 50 प्रजातियों का चयन कर ग्राम एवं हाट बाजार स्तर पर स्व-सहायता समूहों के माध्यम से क्रय करने हेतु दरें निर्धारित की गई हैं । स्व-सहायता समूह उपरोक्त दरों पर कच्ची लघु वनोपज क्रय करने के पश्चात नजदीकी NWFP मार्ट में विक्रय कर राशि प्राप्त करना है । इस कार्य हेतु ग्राम स्तर समूहों को संग्रहण दर का 5 प्रतिशत, हाट बाजार स्तर के समूहों को इस वर्ष से संग्रहण दर का 4 प्रतिशत कमीशन देय होता है । इसके अतिरिक्त उन्हें परिवहन व्यय भी देय होता है । इस कार्य में संबंधित प्राथमिक वनोपज समिति प्रबंधक के सहयोग करने पर उन्हें संग्रहण दर का 0.5 प्रतिशत कमीशन देय होता है । इस प्रकार संग्रहित कच्चे लघु वनोपज को NWFP मार्ट स्तर पर ग्रेडिंग कर निश्चित दर पर विक्रय किया जा रहा है । इससे संग्राहकों को उचित मूल्य मिलने के साथ ग्राहकों को उच्च गुणवत्ता की लघु वनोपज उचित दर पर उपलब्ध हो रही है ।

2.2 लाख विकास

छत्तीसगढ़ के ग्रामीण परंपरागत रूप से लाख पालन करते है । लाख पालन में रोजगार एवं आय की पर्याप्त संभावनाओ को ध्यान में रखकर विगत 4 वर्ष में लाख कृषकों को वैज्ञानिक तरीके से लाख पालन करने हेतु प्रशिक्षण प्रदाय कर उत्पादन में वृद्धि लाना तथा बीहन लाख आपूर्ति समस्या दूर करने हेतु विभिन्न स्थानों में ब्रूड लाख फार्म की स्थापना करना आदि है । लाख विकास हेतु किये गये प्रयास एवं परिणाम का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है ।

2.2.1 संघ में लाख सेल का गठन एवं राज्य स्तरीय लाख समिति का गठन ।

राज्य में लाख विकास हेतु राज्य लघु वनोपज संघ के अन्तर्गत एवं माननीय वन मंत्रीजी की अध्यक्षता में अर्न्तविभागीय लाख समिति का गठन किया गया । ताकि राज्य में लाख की खेती एवं प्रसंस्करण में वृद्धि होकर ग्रामीणों की आय में वृद्धि हो । रोजगार सुनिश्चत किया जा सके । वर्ष 2007-08 से लाख विकास योजना नामक नया बजट मद प्रारंभ कर रू. 20.00 लाख उपलब्ध कराये गये है ।

2.2.2 विभिन्न योजनाओं से प्राप्त राशि

विभिन्न योजनाओं के तहत विगत 3 वर्षों में लाख पालन हेतु लगभग रू. 7.00 करोड़ का व्यय किया गया है । योजनावार व्यय की गई राशि विवरण नीचे तालिका में दर्शाया गया है ।

जिले स्तर पर स्वीकृत प्रस्ताव

क्र	योजना का नाम	स्वीकृत राशि (रू. लाख में)	जारी राशि (रू. लाख में)	व्यय राशि (रू. लाख में)
1	सम विकास योजना	596.26	426.24	301.89
2	नवा अंजोर	133.51	91.46	17.57
3	अन्य योजनाएँ	492.07	174.40	99.07
